पार्षद मुहम्मद फारूख ने एक साल का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया

कुचामन सिटी (सीमा सन्देश संवाददाता)। कुचामन नगरपालिका के वार्ड नम्बर 10 से कांग्रेस पार्षद मोहम्मद मुहम्मद फारूख कलाल ने उप मुख्य सचेतक और स्थानीय विधायक महेंद्र चौधरी की प्रेरणा से अपना एक साल का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष कोविड -19 के लिए दिया । पार्षद मुहम्मद फारुख कलाल ने बताया कि पिछले दिनों क्षेत्रीय विधायक और उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी ने अपना 1 महीने का वेतन वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष कोविड - 19 में दिया था उन्ही से प्रेरणा लेकर वे भी अपना एक साल का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष कोविड - 19 में दे रहे है ,साथ ही अपने साथी पार्षदों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय विधायक और उप मुख्य सचेतक कोरोना काल मे जनता के साथ खड़े है और समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओ को मजबूती प्रदान कर रहे है। उनके प्रयासों से राजकीय चिकित्सालय कुचामन में संक्रमित मरीजो को आक्सीजन की आपूर्ति में सुधार हुआ । इसके बाद विधायक चौधरीं ने पहल करते हुए युवाओं को वेक्सीनेशन निशुल्क हो इसके लिए अपने कोष से 3 करोड़ की राशि देने की अनुशंसा की और अब कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए विधायक महेंद्र चौधरीं ने राजकीय चिकित्सालय में कोविड बेड की संख्या 30 से बढाकर 40 व सामान्य बैड की संख्या15 से बढ़ाकर 20 करवाई है । पार्षद कलाल ने इसके लिये विधायक महेंद्र चौधरी का आभार जताया

योग और प्राणायाम से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता : पारीक

परबतसर (सीमा सन्देश सं.)। योग और प्राणायाम के माध्यम से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। जिससे हमारा शरीर विभिन्न वायरस सहित रोगों से लड़ने के लिए मजबूत बनता है। ये बात ऑनलाइन योग कक्षा के दौरान योग प्रशिक्षक एवं पार्षद सुभाष पारीक ने कही। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ के निर्देशन में आज जहाँ सामूहिक योगाभ्यास लॉकडाउन की वजह से नही करवाया जा रहा है तो घर बैठे हुए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमो द्वारा ऑनलाइन योग का प्रशिक्षण देकर ज्यादा से ज्यादा जनमानस को लाभ पहुचाया जा रहा है। इस कड़ी में स्काउटर सुभाष पारीक द्वारा यूट्यूब और फेसबुक के माध्यम से प्रतिदिन भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीथ, प्रणव प्राणायाम के अभ्यास के साथ साथ सूर्यनमस्कार, भुजंगासन, गोमुखासन, ताड़ासन का अभ्यास करवाया जा रहा है। ये सभी अभ्यास कोरोना महामारी के दौरान हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है।

कोरोना जागरूकता के लिए प्रचार रथ रवाना

दांतारामगढ़। (सीमा सन्देश संवाददाता)। स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ दांता की ओर से कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए कोरोना जागरूकता रथ शुक्रवार को दांतारामगढ से रथ रवाना किया गया । दांतारामगढ पुलिस थाने के सामने थानाधिकारी हिम्मत सिंह बुरड़क ने हरी झंडी दिखाकर कोरोना जागरूकता रथ को रवाना किया।

परशुराम जयंती मनाई

सुरेरा (सीमा सन्देश संवाददाता)। दांता की महर्षि परशुराम महाविद्यालय में परशुरामजी जन्मदिन शुक्रवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम परशुरामजी जन्मदिवस पर प्रतिमा पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर महाविद्यालय में मनाया गया।

इस दौरान पर संचालन सुरेश शर्मा, प्रबंधक डॉ. बालमुकुन्द दीक्षित, अरूणा शर्मा उपस्थित रहे। पुर्व जिला परिषद सदस्य सुरेश शर्मा ने समस्त समाज को परशुराम जी के जीवन के आदर्शो को आत्मसात करने का आव्हान किया।

लाडनूं में बायोगेस सीएनजी की फैक्ट्री का हुआ भूमिपूजन

हजारों बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

लाडनू (सीमा सन्देश संवाददाता)। लाडनूं में जल्द ही बायोगेस सीएनजी का प्लांट के जरिये सीएनजी बायोगैस का उत्पादन शुरू होने वाला है । इजके जरिये क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा । लाडनू तहसील में मीरा क्लीन फ्यूल (एमसीएल) महाराष्ट्र ने सीएनजी उत्पादन का प्लांट लगाने के लिए आगे आई है जिसके लिए उसने स्थानीय माँकरणी फार्मर्स प्रोडयूसर कंपनी से करार किया है।प्लांट के लिए शुक्रवार को आखातीज और ईद के मुबारक मौके पर वर्चुअली भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरकार की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन भी किया गया। खास बात ये है कि महाराष्ट्र की एमसीएल देशभर में सीएनजी बायो गैस के 100 प्लांट लगा रही है और संस्था की और से आज देश मे लाडनूं सहित एक साथ 100 सीएनजी प्लांट के लिए वर्चुअल भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

माँकरणी फार्मर्स प्रोडयूसर की सीईओ शालिनी बघेरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही लाडनूं तहसील में सीएनजी गैस का प्लांट लगने वाला है,इसके लिए तमाम औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। प्लांट के लिए ईद और अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भूमि पूजन कार्येक्रम आयोजित किया गया, वही उन्होंने ये भी बताया कि राज्य सरकार की गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को बहुत संक्षिप्त और सादे रूप में आयोजित किया है। प्लांट का निर्माण कार्ये आने वाले कुछ समय मे पूरा होगा साथ ही उन्होंने यह भी बताया की हमारा देश कृषि प्रधान देश है और किसानों को सम्बल देने के मकसद के साथ 2030 तक भारत को ईंधन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से इस परियोजना की शुरूआत की जा रही है। नागौर जिले में लाडनू से इस योजना का आगाज किया जा रहा है इस परियोजना से लाडनूं तहसील के हर गांव के युवाओं और किसानों को रोजगार देने की योजना है।युवाओं और किसानों के इस सामंजस्य से आने वाले समय मे देश ईंधन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा।इस अवसर पर भंवर सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि एमसीएल ने काफी समय पहले ही सीएनजी के 100 प्लांट लिए भूमि पूजन का मुहर्त तह कर दिया था, इस लिए आज लाडनूं में भी ये कार्येक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सीएनजी बायोगैस परियोजना में हर गाँव मे किसानों से नेपियर घास की खेती करवाई जाएगी, जिससे किसान 1 बीघा में इस घास को उगा कर,संस्था को देकर रुपये कमा सकेगा।

वही हर ग्राम पंचायत स्तर पर एमपीओ लगाए जाएंगे जिसमें काफी बेरोजगार युवकों को भी रोजगार का अवसर मिलेगा। किसान जो घास अपने खेतों में उगाएगा उसकी खरीद फरोख्त उसके ग्राम पंचायत स्तर पर लगे एमपीओ मिनी प्लांट पर ही हो पाएगी।

कोविड सेंटर में भामाशाहों ने आर्थिक सहयोग कर निभाया मानवता धर्म

सेठ सत्यनारायण सोमानी व राजेंद्र धीरजपुरा ने किया आर्थिक सहयोग

दांतारामगढ़ (सीमा सन्देश संवाददाता)। कोरोना वैश्विक महामारी की दूसरी लहर की भयावह स्थिति में ऑक्सीजन की कमी के चलते मौत का जो तांडव मच रहा है उसे देखते दांतारामगढ़ प्रशासन व न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ (राष्ट्रीय) के आह्वान पर भामाशाह आगे आए और खाचरियावास में बने कोविड सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य मेडिकल व्यवस्थाओं के लिए आर्थिक सहयोग किया। खाचरियावास के हैदराबाद प्रवासी सेठ सत्यनारायण सोमानी, सोमानी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद द्वारा ?101000 (एक लाख एक हजार रुपये) का नगद आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया तो वही भारतीय जनता पार्टी केर सेवा ही संगठनर के अंतर्गत भामाशाह व समाजसेवी भाजपा नेता राजेंद्र धीरजपुरा द्वारा उपखंड अधिकारी अशोक कुमार रणवां को ?60000 (साठ हजार रुपये) का चैक भेंट कर सहयोग किया इसके साथ ही भामाशाह राजेंद्र धीरजपुरा की प्रेरणा से दांतारामगढ़ निवासी उनके मित्र द्वारा भी ?21000 (इक्कीस हजार रुपये) नगद राशि का सहयोग कोविड सेंटर के लिए किया गया। न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ (राष्ट्रीय) की ओर से प्रदेश प्रवक्ता गिरधारी सोनी एवं सीकर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सोलंकी और उपखंड अधिकारी द्वारा कोविड सेंटर के लिए आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भामाशाह राजेंद्र धीरजपुरा ने आमजन से अपील की है कि प्रत्येक व्यक्ति को इस संकट काल में मानवता धर्म निभाना चाहिए और अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग कर इस महामारी की लड़ाई में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

जैन समाज ने दान दिवस के रूप में मनाया अक्षय तृतीया पर्व

मनमोहक रही सजीव झांकिया



मारोठ (सीमा सन्देश सं.)। जैन समाज द्वारा शुक्रवार को भगवान आदिनाथ की पूजा अर्चना के साथ अक्षय तृतीया पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

समाज के लोगों ने जैन परंपराओं के अनुसार सुबह के समय अपने घर मंदिर में श्री जी का अभिषेक और नित्य नियम पूजन सम्पन्न कीये। अंकित जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया का पावन पर्व जैन समाज द्वारा प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के पारणे के रूप में मनाया गया।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव ने 13 माह की कठिन तपस्या एवं उपवास के उपरांत अक्षय तृतीय के दिन ही सर्वप्रथम आहार ग्रहण किया था जिसमें उन्हें राजा श्रेयांस ने गन्ने का रस देकर उनका आहार कराया था। तभी से अक्षय तृतीया पर्व दान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। जैन परिवार के यहां अदभुत झांकी बनाई गई जिसमें अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर नन्हे मुन्ने बच्चें दिवित पाटनी द्वारा निर्ग्रन्थ मुद्रा धारण करके श्राविका का रूप धरी हुई अपनी 1 साल की बहन से आहार लिया। जैन समाज द्वारा कोविड नियमो को ध्यान में रखते हुए और सोशियल डिस्टेंसी का पालन करते हुए सभी कार्यक्रम सम्पन्न किये गये।

विधायक गावडिया ने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन का किया शुभारंभ

परबतसर (सीमा संदेश सं.)। परबतसर-कोरोना महामारी के दौर में परबतसर के लिए राहत की बात है की राजकीय चिकित्सालय में शुक्रवार को विधायक रामनिवास गावडिया ने विधायक कोष से 5 आक्सीजन कन्सेट्रेटर मशीन चिकित्सालय में दी इस दौरान विधायक ने चिकित्सालय व्यवस्था ओ का जायजा लिया, विधायक ने कोविड वार्ड में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली , तथा बीसीएमएचओ डॉ डीपी जोशी को आवश्यक दिशा-निर्देश की विधानसभा क्षेत्र में कोई भी कोरोना पाज़िटिव मरीज इधर उधर ना भटके और समय पर उपचार मिले , चिकित्सालय में बेड ,दवा , रेमडेसिविर इंजेक्शन, आक्सीजन ,की व्यवस्था में कोई कमी नहीं रखी जायेगी , मरीज को उपचार समय पर मिले साथ ही विधायक रामनिवास गावडिया ने राजकीय चिकित्सालय में 5 आक्सीजन कन्सेंट्रेटर मशीन का शुभारंभ किया , वहीं विधायक ने कहा जल्दी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वितिय स्वीकृत जारी हो गई जिससे परबतसर-सीएचसी में आक्सीजन प्लांट लग जायेगा वहीं विधायक रामनिवास गावडिया ने राजकीय चिकित्सालय से लेकर गांधी चौक व बस स्टेशन तक रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाड़े के तहत फ्लैग मार्च में शामिल होकर लोगों को घरों में रहने की अपील की विधायक ने कहा सभी लोग अपना ध्यान रखें इस महामारी में बचाव ही उपचार है इस दौरान बीसीएमएचओ डॉ डीपी जोशी, तहसीलदार घासी राम चौधरी, सीआई रूपाराम चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश मुण्डवाडिया, पार्षद राजूराम मुदलिया सहित अन्य जन मौजूद रहे

ग्राम पंचायत नारायणपुरा में कोर ग्रुप कमेटी की बैठक आयोजित

नारायणपुरा (सीमा सन्देश सं.)। आज ग्राम पंचायत नारायणपुरा के राजीव गांधी सेवा केंद्र में कोर ग्रुप कमेटी की बैठक का पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बाबूलाल जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजन किया गया, जिसमें सरपंच भंवर लाल परिहार विशेष आमंत्रित अतिथि थे। बैठक में उपस्थित कोर ग्रुप के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए सरपंच भंवरलाल परिहार ने कहा कि हमें व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता पर विशेष जोर देना है । स्वच्छता से ही सभी प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बाबु लाल जांगिड़ ने डोर टू डोर सर्वे पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक घर तक हमारी पहुंच सुनिश्चित हो जाएगी तो हम वस्तु स्थिति का आकलन कर कोरोना संक्रमण को उसी स्तर पर रोक सकते हैं। अतः डोर टू डोर सर्वे पूर्ण गंभीरता के साथ हो। साथ ही कोर ग्रुप के सदस्यों को मुख्यमंत्री चिरंजीव योजना में अधिक से अधिक लोगों को पंजीकृत करवाने हेतु कहा। ग्राम विकास अधिकारी रतन सिंह ने कहा कि प्रवासी व्यक्तियों की समय पर जानकारी कोर ग्रुप के कंट्रोल रूम में दें तथा उन्हें पूर्ण सावधानी से रहने हेतु आगाह भी करें। बैठक में हल्का पटवारी नेमीचंद कुमावत एएनएम विमला देवी, रेखा कुमारी, बूथ लेवल अधिकारी मक्खन लाल, सुबोध सैनी, सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी व साथिन उपस्थित रहे।

गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाया ईद का त्योहार

नावासिटी (सीमा सन्देश सं.)। उपखंड क्षेत्र नावा में मुस्लिम समुदाय द्वारा सादगी से ईद का पर्व मनाया गया। कोरोना संक्रमण के चलते लगातार दो साल से हिन्दू व मुस्लिम समाज में कई महत्वपूर्ण त्यौहार कोरोना की भेट चढ गये। जिसके चलते मंदिर, मस्जिद में इबादत द्वार बंद से रहते है जामा मस्जिद गुढ़ा साल्ट के इमाम मोहम्मद सदीक ने बताया कि सरकारी गाइड लाइन का पालन करते हुए मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा धरो में नमाज अदा की गयी व बताया कि ईद का पर्व खुशियों का पैगाम है। लेकिन देश पर आई कोरोना जैसी महावारी विपदा को लेकर अमन चैन की दुआ मांगी गई ।

कोरोना संक्रमण के चलते दिन भर मौबाईल पर संदेश, दुआ सलाम का दौर चलता रहा । कोरोना संक्रमण के चलते डिजिटल इंडिया अभियान को बल मिला है। जिसके फलस्वरूप त्यौहारों की खरीददारी ऑनलाइन हो गई है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद का त्यौहार

डेगाना (सीमा सन्देश सं.)। शुक्रवार को माहे रमजान के रोजे मुकम्मल हो जाने के बाद खुशी में मनाया जाने वाला ईद उल फितर का त्योहार डेगाना सहित आस पास के गावों में मुस्लिम समाज के लोगो ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोरोना महामारी के चलते डेगाना शहर में कायमखानी नगर, व्यापारी मोहल्ले, टंकीपुरा, सदर बाजार आदि में लोगेा ने ईद घरों में रहकर हर अपने परिवार के लोगों के साथ मनाई। ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद पेश कर खुशी का इजहार किया।

लोगो ने आपस मे मिलने के बजाय सोशल मीडिया पर मुबारकबाद देने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। ओर माबाईल तथा वाटस्एप के माध्यम से एक दूसरे को मुबारकबाद देते रहे। सरकारी गाइडलाइन अनुसार लोगों ने अपनी ईद की नमाज घरों में ही अदा की।

एपीएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः एसपी-147, रीको इंस्ट्रीयल एरिया, भिवाड़ी, जिला अलवर (राजस्थान)-301019 फोन : 01493-265400, CIN : L21015RJ1973PLC015819

ई-मेलः csapmindustriesltd@gmail.com, वेबसाइटः www.apmindustries.co.in

डाक मतपत्रों की सूचना

कम्पनी अधिनियम, 2013 (**'अधिनियम'**) की धारा 10 सहपठित कम्पनीज (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014(**'नियम'**) सहपठित कॉरपोरेट मामलात मंत्रालय (**' एमसीए परिपत्र')**(इनमें समय-समय पर किये गये किसी सांविधिक संशोधनों तथा इसके किसी पुनः अधिनियम के लागू होने सहित)सामान्य परिपत्र नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रेल 2020, सामान्य परिपत्र नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रेल 2020, सामान्य परिपत्र नं. 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, सामान्य परिपत्र नं. 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020 एवं सामान्य परिपत्र नं. 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 तथा कतिपय अन्य लागू कानून व नियम की अनुपालना में यहां यह सूचित किया जाता है कि एपीएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (**'कम्पनी'**) के सदस्यों ने नीचे उल्लेखित विशेष प्रस्तावों पर ई-मतदान प्रक्रिया (**'ई-वोटिंग'**) के द्वारा मत पत्र मांगे हैं।

क्रमांक	विशेष प्रस्ताव का विवरण
1.	21 अगस्त 2021 को 75 (पिचहत्तर) वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद कम्पनी मंडल में 'गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक' के रूप में श्री श्री गोपाल राजगढ़िया (DIN:00002245 के लगातार निदेशक बने रहने

एमसीए परिपत्रों की पालना में कम्पनी ने डाक मतपत्र की सूचना की ईलेक्ट्रॉनिक प्रतियां व्याख्यात्मक कथन सहित **शुक्रवार, 14 मई 2021** को कम्पनी के सभी सदस्यों, जिन्होंने अपने अपने ईमेल पते रजिस्टर्ड करवा रखे हैं (इलेक्ट्रॉनिक शेयरधारिता के मामले में)/ कम्पनी के पंजीयक एवं शेयर हस्तांतरण एजेंट (भौतिक शेयरधारिता के मामले में) **बुधवार,12 मई 2021** को यथा कट-ऑफ डेट को भेजी है। डाक मतपत्र का यह नोटिस कम्पनी की वेबसाइट https://www.apmindustries.co.in/wp-content/uploads/2021/05/Notice-of-Postal-Ballot.pdf, स्टॉक एक्सचेंज यथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

एमसीए परिपत्रों के प्रापधानों की अनुपालना में सदस्य केवल रिमोट ई-वोटिंग पद्धति के माध्यम से ही मत दे सकेंगे। सदस्य जिनके नाम बुधवार, 12 मई 2021 को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में हैं, इस तिथि को सदस्य के नाम से रजिस्टर्ड इक्विटी शेयर्स के देय मूल्य के अनुरूप मतदान के अधिकार तथा ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए स्वीकार्य होंगे। कट-ऑफ डेट को जो व्यक्ति सदस्य नहीं है, वह इस नोटिस को केवल सूचना मात्र के रूप में ही माने।

कम्पनी ने सदस्यों द्वारा मत डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए नैशनल सिक्यूरिटीज डिपोजिटरी लिमिटेड **('एनएसडीएल')** की सेवाओं को अनुबंधित किया है। सदस्यों से आग्रह है कि नोट करें कि ई-वोटिंग की अवधि **शनिवार, 15 मई 2021 को प्रातः 10:00 (भारतीय मानक समय)** बजे प्रारम्भ होगी और **रविवार, 13 जून 2021 को सायं 05:00(भारतीय मानक समय)** बजे समाप्त होगी। रविवार, 13 जून 2021 को सायं 05:00 बजे(भारतीय मानक समय) के पश्चात ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। समय के अतिरिक्त रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।

सदस्य जिन्होंने अपना ई-मेल पंजीकृत नहीं कर रखा उनसे आग्रह है कि वे अपने डिपोजिटरी हिस्सेदार(रों) के माध्यम से डिपोजिटरी के साथ इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में शेयर रखने के लिए ऐसा करें और भौतिक प्रारूप में शेयर रखने वाले कम्पनी के पंजीयक व शेयर हस्तांतरण एजेंट, स्काईलाइन फाइनेंसियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, डी-153 ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020 या admin@skylinerta.com से सम्पर्क करें।

ई-वोटिंग प्रक्रिया पर निर्देशों, भौतिक प्रारूप में शेयर रखने वाले सदस्यों या जिन्होंने अपने ई-मेल पते रजिस्टर्ड नहीं कर रखे हैं के लिए तौर-तरीकों सहित डाक मतपत्र पर ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए निर्देश दिये गये हैं।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने श्री रवि शर्मा (FCS No.4468,C.P.No.:3666) और/या सुश्री सुमन पांडे (FCS No.7606,C.P.No.:8404), मैसर्स आरएसएम एंड कं. के सांझीदारों, कार्यरत कम्पनी सचिवों, ई-वोटिंग प्रकिया में निष्पक्षता व पारदर्शिता के लिए छंटनी कार्य का दायित्व निभाएंगे।

ई-वोटिंग के माध्यम से डाक मतों का परिणाम (छंटनी करने वालों की रिपोर्ट सहित) कम्पनी के चेयरमैन या उनके द्वारा लिखित में प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा मंगलवार, 15 जून 2021 को या उससे पूर्व घोषित किया जाएगा तथा कम्पनी की वेबसाइट www.apmindustries.co.in पर भी प्रदर्शित किया जाएगा, स्टॉक एक्सचेंज, एनएसडीएल व पंजीयक एवं शेयर हस्तांतरण एजेंट को भी सूचित किया जाएगा।

ई-वोटिंग से सम्बंधित किसी भी पूछताछ तथा शिकायत के मामले में आप सुश्री सरिता, प्राधिकृत व्यक्ति, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, चौथा तल, कमला मिल्स कम्पाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013, भारत स ई-मेल evoting@nsdl.co.in के माध्यम स या टोल फ्री नं. : 1800 1020 990/1800 224 430 या सुश्री रति, स्काईलाइन फाइनेंसियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, डी-153 ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020 भारत से ईमेल admin@skylinerta.com पर या टेलीफोन नं. : 011-40450193-97 पर सम्पर्क करें।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14 मई 2021

एपीएम इंडस्ट्रिज लिमिटेड
नेहा जैन
कम्पनी सचिव

मदद सोशल मीडिया के हक की बात ग्रुप से युवाओं ने की मानव सेवा के लिए पहल

भामाशाह प्रेम भंडारी ने सीएचसी को एक ऑक्सीजन कंन्सट्रेटर मशीन की भेंट

मारोठ (सीमा सन्देश सं.)। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम के लिए भामाशाह अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। बुधवार को जयपुर फुट यू एस ए के प्रेम भंडारी द्वारा नागौर जिला प्रशासन को 5 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनें भेंट की गई व इससे पहले मंगलवार को भी एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन भेंट की गई थी। भामाशाह प्रेम भंडारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण के इस विपरीत समय में एक दूसरे का सहयोग करना हम सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में कोविड पॉजिटिव मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन भेंट की गई हैं। ये मशीनें परबतसर, कुचामन, छोटी खाटू, मारोठ व बड़ी खाटू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भिजवाई जा रही है । जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने जिले के भामाशाह एवं जनप्रतिनिधियों से भी अपील की वे कोरोना के विरुद्ध वैश्विक लड़ाई में आमजन के हित के लिए आगे आएं और सहयोग दें। गौरतलब है कि नागौर जिले में लगातार कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए भामाशाह अग्रणी भूमिका निभाते हुए कहीं पर ऑक्सीजन तो कहीं पर ऑक्सीजन कंसंट्रेटर सहित विभिन्न जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य कर रहे है।

कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप एवं ऑक्सीजन के अभाव में जगह-जगह दम तोड़ती जिंदगियों को देखते हुए स्थानीय युवाओं ने सोशल मीडिया के सहारे व्हाट्सएप पर हक की बात ग्रुप से पहल शुरू की है जिसमें ग्रुप के सदस्य बढ़-चढ़कर अपनी चंचल लक्ष्मी का सदुपयोग कर रहे हैं ग्रुप के एडमिन हितेश जैन ने बताया कि ग्राम वासियों के लिए ऑक्सीजन कन्सट्रेटर मशीने मंगाने के लिए जन सहयोग किया जा रहा है जिसमें हक की बात ग्रुप से जुड़े सदस्य राजेश गुर्जर जोशीपुरा ने 11,000 रुपये,पांच पांडव ग्रुप मारोठ ने 5100 रुपये,राजेश माली एयरटेल डीलर ने 1100 रुपये, भिवाराम जाट विजयनगर ने 1100 रुपये,कानाराम गुर्जर जोशीपुरा ने 2100 रुपये, विनायक मेडिकल स्टोर मारोठ ने 1100 रुपये, नारायण फुलवारी अध्यापक ने 1100 रुपये,ओमप्रकाश मेघवाल ने 2100 रुपये, शैतान चौधरी कस्वा की ढाणी ने 1100 रुपये, नटवर गौड़ ईमित्र संचालक ने 1100 रुपये, हरि सिंह राजपुरोहित ने 1100 रुपये, कुंदन मल राधेश्याम सैन ने 1100 रुपये ,परमाराम चौधरी सीआईडी मकराना ने 1100 रुपये, मूलचंद मेघवाल अध्यापक ने 1100 रुपए का सहयोग कर आमजन से अपील की है कि अपनों के लिए अपनों को आगे आना होगा जिस तरह से हमने छोटा सा प्रयास किया है, वैसे आप भी इस विषम परिस्थिति में आगे आए और मानव सेवा में भूमिका निभाए।

ईदुलफिर पर जरूरतमंदों को राशन किट वितरित

नागौर (सीमा सन्देश सं.)। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की जानिब से जरूरतमंदों के दरमियान ईदुलफितर किट तकसीम किए गए। रमजानुल मुबारक रहमतों एवं बरकतों का महीना है यह महीना लोगों के साथ हमदर्दी व खुशी बांटने का महीना है। इस्लाम धर्म हमें दर्दमंद एवं गरीब लोगों की सेवा का पैगाम देता है इंसान का सेवा करना ही इंसानियत है। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के सदस्य इब्राहीम शेख ने बताया कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया एक ऐसी तंजीम है जिसमें मुल्क एवं समाज में निचले पायदान पर खड़े लोगों की मदद करना, इस सोसायटी के द्वारा हर वर्ष जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री व इफतार का सामान व रकम देकर गरीब व बेसहारा लोगों की मदद की जाती है। ईदुल फितर के मौके पर खुसूसी तौर पर कुचामन सिटी में भी जरूरतमंद को राशन किट वितरीत किए गए थे जो साकिर भाटी के हाथों से बटाए गए। सोसायटी लॉकडाउन में भी जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री पहुंचाती रहती है एवं बीमार लोगों को ऑक्सीजन मुहैया कराना एवं कोरोना संक्रमित लोगों की मदद करना, कौम व समाज की खिदमत के लिए यह सोसायटी तैयार रहती है।

www.readwhere.com